राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के नए निदेशक की नियुक्ति की आलोचना

चर्चा में क्यों?

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में राजाजी राष्ट्रीय उद्यान **के निदेशक** के रूप में एक वन अधिकारी (IFS) की नियुक्ति के लिये **उत्तराखंड के** मुख्यमंत्री की आलोचना की।

- **मुख्य बिंदु**
  - **नियुक्ति विवाद: उत्तराखंड के मुख्यमंत्री** द्वारा **भारतीय वन सेवा (IFS)** अधिकारी को **राजाजी राष्ट्रीय उद्यान** का निदेशक **नियुक्त करने के फैसले** से विवाद उत्पन्न हो गया है, क्योंकि कथित अवैध गतिविधियों के लिये केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (Central Bureau of Investigation- CBI) और प्रवर्तन निदेशालय (Directorate of Enforcement- ED) द्वारा उनके खिलाफ जाँच चल रही है।
  - **अधिकारियों की अनदेखी:** आरोपों से पता चलता है कि मुख्यमंत्री ने **वन मंत्री और** मुख्य सचिव की आपत्तियों को नज़रअंदाज़ कर दिया, जिन्होंने पिछले कानूनी मुद्दों में अधिकारी की संलिप्तता के कारण नियुक्ति पर पुनर्विचार की सिफारिश की थी।
  - **सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियांः** इस बात पर ज़ोर दिया गया कि ऐसे निर्णय एकतरफा नहीं लिये जाने चाहिये।
  - न्यायालय ने सार्वजनिक विश्वास सिद्धांत के महत्त्व पर प्रकाश डाला तथा इस बात पर ज़ोर दिया कि सरकार की भूमिका **प्राकृतिक संसाधनों की ज़िम्मेदारीपूर्वक सुरक्षा करना** है, जिससे इस मामले के अंतर्गत समझौता किया गया।

राजाजी राष्ट्रीय

- **अवस्थिति:** हरिद्वार (उत्तराखंड), शिवालिक पर्वतमाला की तलहटी में 820 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है।
- **पृष्ठभूमि:** उत्तराखंड के तीन अभयारण्यों अर्थात् **राजाजी, मोतीचूर और चीला** को एक बड़े संरक्षित क्षेत्र में मिला दिया गया तथा वर्ष 1983 में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी **सी. राजगोपालाचारी** के नाम पर इसका नाम **राजाजी राष्ट्रीय उद्यान** रखा गया; जिन्हें लोकप्रिय रूप से "राजाजी" के नाम से जाना जाता था।
- **विशेषताएँ:**
  - यह क्षेत्र **एशियाई हाथियों** के निवास स्थान की उत्तर पश्चिमी सीमा है।
  - वन प्रकारों में साल वन, नदी किनारे वन, चौड़ी पत्ती वाले मिश्रित वन, झाड़ीदार भूमि और घास वाले वन शामिल हैं।
  - इसमें **स्तनधारियों की 23 प्रजातियाँ और पक्षियों की 315 प्रजातियाँ** जैसे- **हाथी, बाघ, तेंदुएँ, हिरण एवं घोरल** आदि पाई जाती हैं।
  - इसे वर्ष 2015 में बाघ अभयारण्य घोषित किया गया था
  - सर्दियों में यह **वन गुज्जरों** का आवास बन जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sc-criticizes-appointment-of-new-director-to-rajaji-national-park